www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
☎ 9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-256 सागवाड़ा,शुक्रवार,3 जून, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

आवासन मण्डल की नई योजनाओं का शुभारम्भ और लोकार्पण

उपलब्धियों की मिसाल बना राजस्थान आवासन मण्डल :धारीवाल

तथा सामुदायिक केन्द्रों एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्ला

तथा सामुदायिक केन्द्रों एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान्ट्स का

प्रोफेशनल एप्रोच से पार किया 6 हजार करोड़ का टर्न ओवर,आवासन आयुक्त पवन अरोडा ने मण्डल की टीम में पैदा किया कामयाबी का जज्बा

जयपुर। नगरीय विकास, स्वायत्त शासन एवं आवासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि राजस्थान आवासन मण्डल लीक से हटकर नई योजनाओं पर काम कर रहा है और अपनी इन योजनाओं से मण्डल ने आम आदमी का भरोसा जीतने में फिर से कामयाबी हासिल की है। धारीवाल शुक्रवार को हॉस्पिटल रोड स्थित राजकीय निवास पर आवासन मण्डल की जयपुर में विभिन्न योजनाओं के शुभारम्भ तथा लोकार्पण कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। नगरीय विकास मंत्री ने इस अवसर पर आवासन मण्डल द्वारा विकसित प्रताप नगर एवं मानसरोवर चौपाटियों में आने वाले लोगों की सुविधा के लिये मोबाइल एप 'Book My Chaupati' की भी लॉन्चिंग की। नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि जब हमारी सरकार बनी तब आवासन मंडल हमें करीब-करीब बंद होने के हालात में मिला। करीब 20 हजार अधिशेष आवास थे लेकिन मात्र साढे तीन साल की छोटी सी अवधि में ही मण्डल की टीम ने पूरी मेहनत और प्रोफेशनल एप्रोच से काम कर 6 हजार करोड रूपये से अधिक का टर्नऑवर हासिल किया है। कुल 14437 आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों का विक्रय कर करीब 3 हजार 120 करोड रूपये का राजस्व प्राप्त किया है जो निश्चय ही बडी उपलब्धि है। मण्डल ने अपनी अधिशेष सम्पत्तियों को बेचने के लिये बुधवार नीलामी उत्सव योजना सफलता से लागू की। वित्तीय वर्ष 2022-23 के शुरूआती दो माह में ही बुधवार नीलामी उत्सव के माध्यम से 950 आवासीय एवं व्यावसायिक अधिशेष सम्पत्तियों का विक्रय कर कुल 122 करोड़ रूपये का राजस्व प्राप्त किया गया है। नगरीय विकास मंत्री ने इस सफलता के लिये आवासन आयुक्त पवन अरोडा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आवासन आयुक्त ने लीडरशिप की मिसाल प्रस्तुत करते हुए अपनी टीम में कामयाबी का जज्बा पैदा किया। इसी का नतीजा है कि आज आवासन मण्डल कोचिंग हब, विधायक आवास, सिटी पार्क, फाउंटेन स्क्वायर, कॉन्स्टीट्यूशनल क्लब, मुख्यमंत्री शिक्षक एवं प्रहरी आवासीय योजना और एआईएस रेजीडेन्सी जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं को तेज गति से पूरा कर रहा है। यह हम सभी के लिये बडे गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि कोचिंग हब के आवंटन की प्रक्रिया भी इसी माह में शुरू हो जाएगी। नगरीय विकास मंत्री ने कहा कि सिटी पार्क के प्रथम चरण का कार्य पूरा होने को है। आगामी मानसून में हम इसे सघन पौधारोपण के कार्यक्रम के साथ आमजन के लिये खोल देंगे। उन्होंने कहा कि बोर्ड मुख्यमंत्री शिक्षक एवं प्रहरी आवासीय योजनाओं के फ्लैट्स का कब्जा इसी जुलाई माह में देने के लिये प्रयत्नशील हैं। मण्डल 18 छोटे शहरों में भी 3 हजार से अधिक स्वतंत्र आवासों का निर्माण कर रहा है जिसमें से लगभग 15 शहरों में यह निर्माण कार्य पूर्ण हो भी चुका है। सिर्फ आउटर डवलपमेंट का काम चल रहा है। इनका भी पजेशन हम इसी जुलाई माह में देने का प्रयास कर रहे है। धारीवाल ने कहा कि पहली बार मण्डल ने 7 मुख्यमंत्री जन आवास योजनाओं के 4500 ईडब्ल्यूएस/एलआईजी फ्लैट्स निर्माण कार्य हाथ में लिया है। जिनका काम भी तेजी से चल रहा है। इनमें से 4 योजनाओं में फ्लैट्स का कब्जा इसी वर्ष दे दिया जाएगा। प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास विभाग कुंजीलाल मीणा ने कहा कि मण्डल को राज्य सरकार से पूरा सहयोग मिल रहा है और जो भी योजना मंजूरी के लिये प्राप्त होती है उसे अविलम्ब स्वीकृति दी जाती है।

मानसून पूर्व खरीफ की बुवाई की तैयारियों में जुटा कृषि विभाग

एक लाख 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रखा बुवाई का लक्ष्य

डूंगरपुर। जिले में मानसून आने से पहले कृषि विभाग ने अपनी तैयारिया शुरू कर दी है। इस बार डूंगरपुर कृषि विभाग ने जिले में एक लाख 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ की बुवाई का लक्ष्य रखा है। वही खरीफ की फसल में किसानो को समय पर यूरिया खाद तथा डीएपी की उपलब्धता के लिए भी विभाग के उच्चाधिकारियों से संपर्क करना शुरू कर दिया है। प्रदेश के डूंगरपुर जिले में 20 जून के बाद मानसून की दस्तक हो जाती है। इसी को देखते हुए मानसून से पूर्व डूंगरपुर कृषि विभाग जिले में खरीफ की फसल की बुवाई को लेकर अपनी तैयारियो में जुटा हुआ है। डूंगरपुर जिले के कृषि विभाग के उप निदेशक गौरीशंकर कटारा ने बताया कि डूंगरपुर जिले में 20 जून के आस-पास मानसून सक्रीय होने का अनुमान है। उन्होंने बताया की डूंगरपुर जिले में कृषि विभाग द्वारा इस बार खरीफ की फसल के लिए एक लाख 45 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बुवाई का लक्ष्य रखा गया है। उप निदेशक गौरीशंकर कटारा ने बताया कि डूंगरपुर जिले में खरीफ के तहत प्रमुख रूप से मक्का की फसल की जाती है ऐसे में सर्वाधिक ।0 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मक्का की फसल बोये जाने का अनुमान है। इसके अलावा 40 हेक्टेयर क्षेत्र में सोयाबीन, 15 हेक्टेयर में उड़द, 15 हेक्टेयर में धान और 5 हेक्टेयर क्षेत्र में छोटे धान की बुवाई का लक्ष्य रखा गया है। वही उप निदेशक कटारा ने बताया कि हर बार सीजन में यूरिया खाद और डीएपी की खेप समय पर नहीं आने से किसानो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए इस बार अभी से कृषि विभाग की ओर से यूरिया खाद तथा डीएपी की सप्लाई के लिए उच्चाधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है ताकि समय पर यूरिया व डीएपी की सप्लाई पहुच सके।

पेड़ से लटक कर युवक ने की आत्महत्या

सागवाड़ा थानाक्षेत्र के गड़ावासण का है युवक

सागवाड़ा । सागवाड़ा थाना क्षेत्र के गड़ावासण निवासी युवक ने पेड़ से लटका कर आत्महत्या कर ली। सागवाड़ा थानाधिकारी सुरेंद्र सोलंकी ने बताया कि हरिश पुत्र कलु परमार ने शुक्रवार को पेड़ से लटका मिला।

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतारा कर सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। इधर, परिजनों ने बताया कि हरिश मुंबई में चाय की दुकान पर काम करता था। अपने अंकल के लड़के की शादी में वो गांव आया हुआ था। परिजनों ने बताया कि एक दिन पूर्व ही कराड़ा में संचालित क्वार्ट्ज की फेक्ट्री से तिरपाल चोरी को लेकर हरिश के खिलाफ रिपोर्ट दी गई थी।

नेहरु युवा केंद्र ने मनाया विश्व साईकिल दिवस

आसपुर सहित कई गांवों में निकाली साईकिल रैली, फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का दिया सन्देश

नेहरु युवा केन्द्र
साईकि

आसपुर। डूंगरपुर जिले के नेहरु युवा केंद्र की ओर से आज विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। इस मौके पर नेहरु युवा केंद्र के युवाओं ने आसपुर सहित जिले के विभिन्न गाँवों में साइकिल रैली निकाली। रैली के माध्यम से नेहरु युवा केंद्र के युवाओं ने हम फीट तो इण्डिया फीट अभियान के तहत लोगो को फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार मीणा ने बताया की आज नेहरु युवा केंद्र की ओर से विश्व साइकिल दिवस मनाया गया है। जिसके तहत आसपुर में गोल युवा मंडल की ओर से क्षेत्र में साइकिल रैली निकाली गई। उन्होंने बताया की रैली में युवाओं ने हम फिट तो इंडिया फिट, वजन घटाएं, पेट्रोल बचाएं-साईकिल अपनाए जैसे नारे लिखे हुए पोस्टर्स का प्रदर्शन किया। साइकिल रैली को आसपुर पुलिस उपाधीक्षक नोपा राम भाकर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली आसपुर राजकीय अस्पताल से शुरू हुई जो की कस्बे के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी और परशुराम चौक पर जाकर रैली का समापन हुआ। साइकिल के माध्यम से लोगो को हम फीट तो इण्डिया फीट अभियान के तहत फिटनेस व पर्यावरण संरक्षण का सन्देश दिया। इधर इस मौके पर डिप्टी नोपाराम भाकर सहित युवाओं ने पौधरोपण किया और भीषण गर्मी के चलते बेजुबान पक्षियों के परिंडे भी बांधे। इस मौके पर पुलिस उप अधीक्षक नोपाराम भागर ने इसे अच्छी पहल बताते हुए कहा कि वर्तमान में पर्यावरण प्रदूषण की वजह से ग्लोबल वार्मिग ओर जलवायु परिवर्तन जैसी भयावह स्थितियां उत्पन्न हो रही है। ऐसे में सरकारी प्रयासों के साथ-साथ सामान्य जन विशेषकर युवाओं को इस प्रकार की पहल से जुडना चाहिए। इधर विश्व साइकिल दिवस पर जिले के कनबा गाँव में कनबा युवा मंडल ने भी साईकिल रैली निकाली और युवाओं व लोगो को जागरूक किया।

राजस्थान में कांग्रेस विधायकों की बाड़ेबंदी

उदयपुर। राजस्थान में राज्यसभा चुनाव से पहले सियासी हलचल बढ़ती जा रही है। क्रॉस वोटिंग के डर से उदयपुर में कांग्रेस ने विधायकों की बाड़ेबंदी शुरू कर दी है। इसी बीच पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट शुक्रवार शाम अचानक दिल्ली रवाना हो गए। होटल ताज अरावली रिजॉर्ट से सीधे एयरपोर्ट पहुंचे। पायलट के दिल्ली दौरे को लेकर कई तरह से सवाल उठने लगे हैं। इधर, उदयपुर में कांग्रेसी नेताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। राज्यसभा के लिए कांग्रेस से प्रत्याशी प्रमोद तिवारी भी आज उदयपुर पहुंचे। पायलट ने कहा कि कांग्रेस के तीनों प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे। पायलट के साथ रोहित बोहरा, बृजेंद्र ओला, रमिला खड़िया, जोगिंदर सिंह अवाना, नरेंद्र बुडानिया, गुरमीत सिंह कुन्नर भी साथ नजर आए।

इन्दिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना को लेकर पालिकाध्यक्ष ने ली बैठक

जनआधार कार्ड के माध्यम से होगा इन लाइन रजिस्ट्रेशन, 2 करोड़ रुपये खर्च होंगे

सागवाड़ा । गांवों में संचालित होने वाली महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की तर्ज पर शहरी क्षेत्र में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत सागवाड़ा नगर पालिका में निवास करने वाले बेरोजगारों को साल में 100 दिन का रोजगार दिलाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली गई है।

इस पर करीब 2 करोड़ रुपये खर्शहर होंगे। इसे लेकर नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया ने बैठक लेकर दिशा निर्देश दिये। पालिका अध्यक्ष खोड़निया ने बताया कि इस योजना की खासियत यही है कि इसमें काम करने के इच्छुक लोगों को ई मित्र से कार्ड से रजिस्ट्रेशन करने पर काम दिया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नए वित्त वर्ष 2022-23 से मनरेगा की तर्ज पर शहरी क्षेत्र के बेरोजगारों को गारंटीशुदा काम दिलाने के लिए इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना संचालित करने का ऐलान किया था। अब इसे सागू शहरी क्षेत्र में धरातल पर उतारने की दिशा में काम शुरू हो गया है।

ईओ मुकेश कुमार मोहिल ने बताया कि आने वाले दिनों में इस योजना के तहत काम चाहने वाले शहरवासियों जन आधार कार्ड से रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और उनके जॉब कार्ड बनवाए जाएंगे। इस संबंध में जो कार्य योजना बनाई गई है, उसे मंजूरी के लिए राज्य सरकार को भिजवाई जाएगी। इस योजना के तहत काम करने वाले व्यक्ति को प्रतिदिन 259 रुपए का भुगतान किया जाएगा। एक महीने तक काम करने वाले व्यक्ति को 15 दिन के कार्य का भुगतान सीधे उसके बैंक खाते में स्थानांतरित किया जाना है।

इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत डूंगरपुर शहर में मुख्य रूप से झाडियों की कटाई, नाली -नालों की सफाई, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण तथा लगाए गए पौधों व वृक्षों की देखरेख, सार्वजनिक सम्पत्ति के विरूपण को दूर करने, स्वच्छता व सार्वजनिक प्रसाधन कक्षों की साफ-सफाई, बावड़ी खुदा तथा जल संरक्षण के कार्यों का सुदृढ़ीकरण, तालाब, सरोवर आदि के कैचमेंट एरिया से मलबा हटाने आदि के कार्य होंगे।

कांग्रेस के 55 साल में जनता त्राहिमाम कर रही थी और भाजपा के 8 साल में विकास ने पकड़ी रफ्तार - कटारा

डूंगरपुर। केंद्र में मोदी सरकार के 8 साल पूर्ण होने पर डूंगरपुर भाजपा की ओर से भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन हुआ। पत्रकार वार्ता में भाजपा सांसद कनकमल कटारा सहित अन्य भाजपा नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। वही कांग्रेस पर जमकर हमला बोला । सांसद कनकमल कटारा ने कहा की केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार के 8 साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है, जबकि कांग्रेस के 55 साल के कार्यकाल में जनता त्राहिमाम कर रही थी। उन्होंने राज्य की गहलोत सरकार जनता की उम्मीदों पर पूरी तरह से फेल साबित हुई है। सांसद कनकमल कटारा ने केंद्र की मोदी सरकार की आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला गैस योजना, भारतमाला प्रोजेक्ट, जलजीवन मिशन के फायदे गिनाए। उन्होंने कहा की इन सभी योजनाओं से गरीब और प्रदेश की जनता को भी लाभ मिला है। राज्य की गहलोत सरकार कोरोनाकाल में लोगो को ऑक्सीजन नहीं दे पा रही थी। दवाइयों का टोटा हो रहा था उस समय केंद्र की मोदी सरकार ने ऑक्सीजन की व्यवस्था की। केंद्र से दवाइयां भेजी गई, जिससे कई लोगो को जान बची। सांसद ने कहा की गहलोत सरकार केंद्र की योजनाओं के नाम बदलने का काम कर रही है। आयुष्मान भारत योजना को राजस्थान में लागू तक नहीं किया, लेकिन जब जनता का दबाव बढ़ा तो चिरंजीवी योजना लागू कर दी। सांसद कनकमल कटारा ने कहा की कांग्रेस सरकार ने सिर्फ घोषणाएं करने ओर पट्टियां लगाने का काम किया है, लेकिन उस काम को पूरा भाजपा ने किया है। कांग्रेस ने रतलाम से स्वरूपगंज हाइवे की घोषणा करने के बाद बजट नहीं दिया, लेकिन अब भाजपा की सरकार हाइवे का काम करवा रही है। जल जीवन मिशन में जिले में कई जगहों पर पेयजल की समस्या को दूर करने के काम हो रहे है। लेकिन राज्य सरकार एक हैंडपंप का ढूंढा भी नही लगा सकी है। कांग्रेस सरकार अपने ही विधायको और मंत्रियों के विरोध झेल रही है। कांग्रेस सरकार में किसी के काम नहीं हो रहे है। विधायक गणेश घोघरा, मंत्री अशोक चांदना सरकार से नाराज है तो अफसरों के ट्रांसफर कर रहे है। सरकार ने ऐसे ही साढ़े तीन साल का का कार्यकाल बिता दिया, लेकिन प्रदेश की जनता आज भी परेशान है और भाजपा की ओर देख रही है। इस दौरान आसपुर विधायक गोपीचंद मीणा, नगर सभापति अमृत कलासुआ, जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या, जिला प्रमुख सूर्या अहारी समेत कई मौजूद रहे।

डूंगरपुर एडीएम व एसडीएम को हटाने पर सर्वसमाज के लोगों ने जताया विरोध

सागवाडा एसडीएम को दिया राज्यपाल व सीएम के नाम ज्ञापन, आदेश वापस लेने की मांग की

सागवाडा। डूंगरपुर जिले में पहले अधिकारियो को बंधक बनाने व बाद में विधायक के कहने पर द्वेषता पूर्वक डूंगरपुर एडीएम के तबादले व एसडीएम को एपीओ करने की घटना का सर्व समाज के लोगो ने विरोध जताया है। सागवाडा में सर्व समाज के लोगो ने अधिकारियो को हटाने के विरोध में एसडीएम ऑफिस के बाहर प्रदर्शन किया। वही राज्यपाल व सीएम के नाम सागवाडा एसडीएम को ज्ञापन देकर आदेश को वापस लेने की मांग की है ।अधिकारियों को पहले बंधक बनाने और बाद में राजनीतिक द्वेषता पूर्व कार्यवाही कर अधिकारियों को हटाने और एपीओ करने के विरोध में सागवाडा सर्व समाज के लोगो ने सागवाड़ा उपखंड अधिकारी को राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर सागवाडा सर्व समाज के लोगो ने सरकार के इस आदेश का विरोध जताया। लोगो ने कहा की पिछले दिनों एसडीएम डूंगरपुर सहित 22 सरकारी कार्मिको को बंधक बनाने के घटनाक्रम के बाद उपजे राजनितिक हालत की गाज जिले के अधिकारियों पर पड़ी । जिसमें डूंगरपुर विधायक डूंगरपुर एसडीएम को एपीओ कर दिया गया था वहीं एडीएम का डूंगरपुर से तबादला कर दिया गया ? इसे लेकर सर्व समाज में रोष व्याप्त है । उन्होंने कहा की राज्य सरकार द्वारा एक अधिकारी को एपीओ एवं एक को जिला बदर स्थानान्तरण कर सरकार ने स्वयं ही प्रशासनिक व्यवस्था एवं अधिकारियों में अविश्वास पैदा किया जिसका जिले के सर्वसमाज के लोगो में रोष व्याप्त है। लोगो ने बताया की दोनो अधिकारीयो ने पूर्व में भी जिले में विभिन्न पदों पर रहते हुए अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया था। जनप्रतिनिधियो के अनैतिक दबाव के कारण जो द्वेषता पूर्वक कार्यवाही की गई है उसके विरोध में सर्वसमाज मांग करता है कि जल्द ही दोनों अधिकारियो को पुन: जिले में बहाल कर आमजन में विश्वास पैदा किया जाए।

इस मौके पर प्रकाश व्यास, मुकेश पंड्या, धीरज मेहता, देवीलाल फलोत,श्याम भट्ट, प्रदीप गामोठ, तेजप्रकाश जोशी, नानालाल दर्जी, दशरथ खटिक,नरेंद्र गोवाड़िया, लक्ष्यराज शर्मा, वीरेंद्र गोवाड़िया, हिमांशु शर्मा, दिलीप कोठारी, मनोज दीक्षित, विमलेश पंड्या,अनिल त्रिवेदी, शैलेश जोशी, नीलेश भोई, गोतमलाल पाटीदार मौजूद रहे।